हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 जून 2024

06 दामाद और बेटी ने की थी पिता की हत्या



07 जिप सीईओ की अनुमति का उल्लंघन सार्वजनिक ...





### जनसुनवाई में पीड़ितों ने आवेदन सौंपकर लगाई न्याय की गुहार

# धार्मिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने तो सीसी रोड निर्माण कराने के लिए हुई मांग

मप्र शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदकों द्वारा धार्मिक स्थलों के पास हुए अतिक्रमण को हटाने और कुछ स्थलों के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य कराने की मांग की गई है तो वहीं कोरोनाकाल में अपने परिजनों को खोने के बाद आर्थिक संकट से जूझ रही पीड़िता ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आम जनों की समस्याओं के तुरंत निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, जहां आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं। आज आयोजित जनसुनवाई में कोई मस्जिद की भूमि से अवैध कब्जा हटाने तो कोई मंदिर के पास सीसी रोड बनाने के आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचा। वहीं माखन नगर के ग्राम माना गांव की 8 से 10 महिलाएं प्रधानमंत्री आवास की मांग करने के लिए जनसुनवाई में पहुंची। सभी के आवेदनों पर कलेक्टर सोनिया मीना ने गंभीरता पूर्वक विचार कर निराकरण का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मुस्लिम कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष सलीम खान ने आवेदन देकर बताया कि वक्क के जामा मस्जिद बालागंज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कब्रिस्तान की भूमि पर भी अवैध निर्माण पर रोक लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया । कलेक्टर ने नजूल अधिकारी को आवेदन का परीक्षण कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत , अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम नीता कोरी तथा संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### साहब! घर में घुस रहा नाली का पानी

जनसुनवाई कार्यक्रम में नर्मदापुरम क्षेत्र के मालाखेड़ी निवासी मनोज तिवारी ने कलेक्टर सोनिया मीना को आवेदन सौंपकर गुहार लगाई कि घर के बाजू में वाहन वाशिंग सेंटर संचालित है, संबंधित द्वारा नाली पर अतिक्रमण किया है। जिसका गंदा पानी घर में घुस जाता है। जिससे कीड़े मकोड़े और बदबू परिजनों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव डाल रहे हैं। पीड़ित मनोज तिवारी ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका परिषद को आवेदन सौंपकर नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने और नाली की गंदगी साफ कराने के लिए गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन नगर पालिका द्वारा अभी तक उक्त नाली का न तो अतिक्रमण हटाया गया है और न ही साफ की गई है। कलेक्टर ने नपा अधिकारी कर्मचारियों को उक्त समस्या का समाधान तत्काल कराने के लिए आदेश दिए हैं। देखना यह है कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कितनी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा।

### 15 दिन में राहत नहीं तो सुसाइड करूंगी

जनसुनवाई कार्यक्रम में रसूलिया निवासी छाया सोनी ने आवेदन सौंपते समय कलेक्टर को बताया कि 16 अप्रेल 2021 को कोविड काल में पति ब्रजमोहन सोनी, देवर एवं जेठ की मृत्यु हो चुकी है। जिनका ईलाज कोरोनाकाल में किया गया था। परिजनों की मौत के बाद आर्थिक स्थिति संकट में हो गई। जिससे बेटे की पढ़ाई छुड़वानी पड़ी। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी 2024 तीसरी बार जनसुनवाई में आवेदन दिया 7 जून को कलेक्टर कार्यालय और 18 जून को भी इसी कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर पहुंची हूं। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि कोविडकाल में उपचार के दौरान मेरे पति देवर और जेठ तीनों की मौत हो चुकी है इसका सबूत मैं और क्या दे सकती हूं। नाराज महिला को कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा समझाया गया, लेकिन महिला नहीं मानी और उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि 15 दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह कलेक्टर कार्यालय में सुसाइड करेंगी।



## हाईवे सड़क पर गिरा पेड़, लगा जाम ...




आंचलखेड़ा। मंगलवार को शाम लगभग 6 बजे हवा पानी के चलते पिपरिया नर्मदापुरम राज्य मार्ग पर स्थित आंचलखेड़ा के पास एक भारी भरकम पेड़ गिर गया। जिससे राज्य मार्ग लगभग 1 घंटे बंद रहा दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई तभी माखन नगर पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही ग्रामीणों की मदद से पेड़ को हटवाया और वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

### एसटीआर के चूरना रेंज में पर्यटक हुए खुश

# गर्मी से राहत पाने निकले बाघिन व शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों उमस भरी गर्मी से सभी बेहाल हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में मछली बाघिन और उसके तीन शावक गर्मी से राहत पाते हुए नजर आए हैं। टाइगर फैमिली एसटीआर के चूरना रेंज स्थिति पारछा पानी नाले किनारे स्पॉट हुई। लंबे समय बाद पर्यटकों को बाघिन मछली और उसके तीनों शावकों के दीदार हुए हैं। नाले के पास बैठे तीनों शावकों के सुंदर और रोमांचित करने वाले नजारे को सोमवार को मुंबई, पुणे के साथ ही अन्य स्थानों से आए पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के एसडीओ विनोद वर्मा ने बताया कि छुट्टियों के चलते काफी संख्या में पर्यटक चूरना परिक्षेत्र में जंगल सफारी के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ दिन और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में टाइगरों के साथ अन्य वन प्राणियों के दीदार पर्यटक कर सकेंगे। 30 जून को सतपुडा टाइगर रिजर्व के गेट पर्यटकों के लिए बंद कर दिए जाएंगे।



### 1 अक्टूबर से खुलेंगे कोर जोन के गेट

30 जून से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर जोन के गेट पर्यटकों के लिए बंद हो जाएंगे। 1 अक्टूबर से दोबारा गेट खुलेंगे। इस बीच पर्यटक 3 महीने केवल बफर जोन में घूम पाएंगे।

### 5 संस्थाओं के पंजीयन निरस्त करने के लिए विशेष साधारण सभा का आयोजन 1 जुलाई को

नर्मदापुरम। परिसमापन/ सहकारी निरीक्षक सहकारी संस्थाएं नर्मदापुरम ने बताया है कि परिसमापन के अधीन निम्न 5 संस्थायें के पंजीयन निरस्त करने हेतु विशेष साधारण सभा का आयोजन 01 जुलाई को कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम में प्रातः 10:30 बजे से 5:30 बजे तक किया जायेगा। जिसमें सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया है। इनमें बालाजी ईंधन आपूर्ति सहकारी समिति मर्यादित इटारसी, तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्या. बज्जरवाडा, तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्या. आंचलखेडा, प्रगति साख सहकारी समिति मर्या. खामदा तथा जय कालिका साख सहकारी समिति मर्या. बज्जरवाडा शामिल है।

### विश्व सिकल सेल दिवस

नर्मदापुरम। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि आदिवासी विकासखण्ड केसला में बुधवार को विश्व सिकल सेल एनिमिया दिवस के उपलक्ष्य में मंगल भवन केसला में प्रातः 9 बजे से कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिलास्तर के प्रशासनिक अधिकारीयों की उपस्थिति में जिला स्तरीय शिविर में सिकल सेल एनिमिया परीक्षण होगा।

### नगरपालिका का दूसरे चरण का सफाई अभियान जारी

# निकल रहा ट्रालियों से कचरा पॉलिथिन और थर्माकोल के टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बारिश के दिनों में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका की टीम द्वारा बाजार क्षेत्र के नाले नालियों को दूसरी बार साफ किया जा रहा है।

स्वच्छता प्रभारी कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में नगर के नाले नालियों की सफाई अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जा चुका है। जिसमें मटका गली,



जयस्तंभ क्षेत्र के नाले, इतवारा बाजार सहित जहां कचरा अधिक मात्रा में जमा हो गया है वहां पर सफाई कार्य किया जा रहा है। सफाई के दौरान नाले नालियों से प्लास्टिक की पन्नी, कचरा और थर्माकोल के टुकड़े निकाले जा रहे हैं उन्हें साफ किया जा रहा है।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नागरिकों, व्यापारीगणों और ग्राहकों से आग्रह किया है कि नालों नालियों में पालिथिन, कचरा और थर्माकोल के टुकड़े न डालें। अपने प्रतिष्ठान के सामने डस्ट बिन रखें तथा कचरा वाहन आने पर उसमें ही कचरा डालें। कचरा यहां वहां फैंकने से गंदगी तो फैलती है साथ ही बारिश में नाले नाली चौक होने से जलभराव की स्थिति बन जाती है।

### तीखी धूप और लू के थपेड़ों से परेशान रहे नागरिक

# नर्मदांचल में शाम को तेज हवा व बारिश से राहत, हाईवे पर गिरा पेड़, ट्रेफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बीते दो दिनों से सूर्यदेव के तीखे तेवर से नर्मदांचल का तापमान चरम पर रहा। जिससे लोगों को तीखी धूप और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ा। सोमवार को नर्मदापुरम का अधिकतम दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को आसमान में काले बादलों की वजह से लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। हालांकि मंगलवार को दिन का तापमान 39.1 डिसे रहा। वहीं शाम को अचानक काले बादलों और हवा के साथ हुई बारिश ने रात्रि के दौरान लोगों को राहत दी तो वहीं उमस भरी गर्मी से भी परेशान होना पड़ा।



### हवा-बारिश में पेड़ गिरा

**माखननगर**। मंगलवार को तेज गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान रहे शाम को तेज हवा चली और बारिश होने लगी होशंगाबाद पिपरिया मार्ग पर आंचल खेड़ा ग्राम पंचायत भवन के सामने एक बड़ा पेड़ गिर गया जिससे ट्रैफिक जाम हो गया लोगों की भीड़ लग गई छोटे वाहन वाले एवं बाइक वाले आजू-बाजू से निकलते गए जबकि बड़े वाहन खड़े रहे यात्रियों को परेशानी हुई। देर शाम तक जमीदोज पेड़ हटाने की कार्रवाई चलती रही।

# बिजली चोरी की रोकथाम के लिए कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उप महाप्रबंधक मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नर्मदापुरम ने बताया है कि जिले में विद्युत चोरी एवं दुरूपयोग की रोकथाम के लिए विभागीय अमले द्वारा निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक जिले में विद्युत चोरी/ दुरूपयोग के 2237 प्रकरण के विरूद्ध 374.14 लाख रूपए के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इनमें से 1513 प्रकरणो के विरूद्ध 238.7 लाख रूपए की वसूली की गई है। इसी तरह से विशेष विद्युत न्यायालय नर्मदापुरम में 224 प्रकरण राशि रूपए 133.32 लाख के विचाराधीन है। उप महाप्रबंधक मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नर्मदापुरम ने बताया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त दशा में 3 वर्ष की सजा एवं सिविल दायित्व राशि का दुगनी राशि वसूल किये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त लगातार चोरी किये जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज प्रकरण गैर राजीनामा योग्य होता है तथा उक्त स्थिति में विशेष विद्युत न्यायालय द्वारा अपराधिक सजा या दांडिक कार्यवाही की जाती है। उन्होंने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वे वैधानिक विद्युत कनेक्शन उपरांत ही बिजली का उपयोग करें। विद्युत उपभोक्ता बिजली का दुरूपयोग न करे।

### स्कूल चलें हम अभियानः बच्चों के भाल पर तिलक लगाकर जनप्रतिनिधियों ने स्कूलों में मनाया प्रवेशोत्सव

# गुरू की शिक्षा जीवन को सार्थक बनाती हैः राज्यसभा सांसद नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद मंगलवार से सरकारी और प्राइवेट स्कूलें खुल गए। पहले दिन स्कूल चले अभियान के तहत प्रवेशोत्सव मनाया गया है। नर्मदापुरम जिले के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। तिलक लगाकर व माला पहनाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। जिले का मुख्य कार्यक्रम में ग्राम चांदौन व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया में हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पहुंचकर विद्यार्थियों का प्रवेशोत्सव कराया। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया भी नर्मदापुरम शहर के प्राथमिक शाला आईटीआई रोड नर्मदापुरम में पहुंची। राज्यसभा सांसद नारोलिया और पार्षद मीना वर्मा ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों से कहा कि नियमित स्कूल आएं और मन लगाकर



पढ़ाई करें। उन्होंने कहा बच्चों की पहली गुरू मां होती है और दूसरे गुरु स्कूल के शिक्षक। जो भी आपके शिक्षक-शिक्षिका आपको जो भी बताएं, उसे अच्छे से पढ़े। माता-पिता का कहना माने। सांसद नारोलिया ने स्कूल परिसर में विल्पपत्र का पौधा भी रोपा गया। इस अवसर पर डीपीसी राजेश जायसवाल, एपीसी विनित साहू, शिक्षिका दीपा तोमर समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहा। शासकीय कन्या उमावि नर्मदापुरम में शाला के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि वंदना शर्मा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना पुरोहित एवं साक्षरता एम्बेसडर डॉ. मयंक तोमर, शिल्पा तेज कुमार गौर एवं पूर्व शिक्षक साहित्यकार बाबूलाल कदम शामिल हुई।

### शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा हैः नपाध्यक्ष नीतू यादव



स्कूल चले अभियान का शुभारंभ आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। इस अवसर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा आईटीआई स्थित स्कूल में पहुंचकर बच्चों की हौसला अफजाई की और तिलक लगाकर माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ ही शिक्षक, शिक्षिकागण समाजसेवी गीता मीना उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है। हमें शिक्षा हरहाल में ग्रहण करना चाहिए। शिक्षा ग्रहण करने से मनुष्य ज्ञानवान बनता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की मंशा है कि हर बच्चा खूब पढ़े खूब बढ़े। उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं संचालित करती आ रही हैं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए भारत के शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और चिकित्सकों का उदाहरण दिया और उनके द्वारा किए गए अविष्कारों की जानकारी दी गई।

### जासलपुर के स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर किया स्वागत



एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला जासलपुर में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जन शिक्षक कमलेश कटारे, ज्योति सूर्यवंशी एवं एसएमसी अध्यक्ष स्व. सहायता समूह, अध्यक्ष, पालकगण द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर नव प्रवेसी बच्चों को तिलक लगाकर पुष्प हार से स्वागत किया और मिष्ठान वितरण कर नवीन शिक्षा सत्र की शुरुआत की समूह द्वारा विशेष भोज प्रदान किया गया। शाला के प्रधान पाठक मनोहर गोलिये, पुष्प लता तिवारी, विनिया पाओगी, नंदकिशोर रघुवंशी, नूरजहां खान, साबरी चौहान, सुनीता साहू, स्वाति यादव प्रवेश उत्सव में सहभागी रहे। कार्यक्रम का आभार पुष्प लता तिवारी द्वारा किया गया एवं शाला के बच्चों को निशुल्क पाठ पुस्तक का वितरण किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम कल

20 जून को प्रदेश के मुख्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में स्कूल चले हम अभियान का राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने जिले की समस्त शासकीय शालाओं में जिला स्तरीय अधिकारियों को एक-एक शाला आवंटित कर उनसे आग्रह किया है कि वे संबंधित शाला में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को स्वरूचि अनुसार एक पीरियड लेकर बच्चों का मार्गदर्शन करे। कलेक्टर द्वारा जिले के 101 शासकीय शालाओं में उक्त कार्य के लिए विभिन्न अधिकारियों को उक्त कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप

### सांडिया के पास आयशर ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो घायल

**मुलताई।** मासोद रोड पर सांडिया के पास सोमवार शाम को अचानक खेत में बोनी कर घर लौट रहे ट्रैक्टर को आयशर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों को डायल 100 से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि ग्राम सांडिया निवासी सिंधु बाई पति नत्थू डायके गांव के ही लक्ष्मण पुत्र भाऊ राव को उसके ट्रैक्टर के साथ लेकर खेत में बोवनी करने के लिए गई हुई थी। जहा से देर शाम ट्रैक्टर में सवार होकर वापस घर लौटते समय मासोद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे की वे दोनो दूर फीका गए और गिरकर घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना के बाद डायल 100 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची जहां से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### स्कूल चले अभियान का हुआ आगाज

**शाहपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत बड़े हर्ष उल्लास के साथ की गई। स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें नन्हे बच्चों को और बच्चों को टीका लगाकर और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। बच्चों के पालक प्रवेश उत्सव में खुशी-खुशी शामिल हुए। और वहा उन्होंने विशेष भोजन प्रदान किया गया। माध्यमिक शाला पतोआपुरा के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को तिलक लगाया। और उनकी आरती उतार कर उन्हें शाला में प्रवेश कराया। और उन्हे किताबे भी वितरित की गई। वहीं दूसरी और, सी ए सी दीपना जगताप और कृष्णा कासदे संकुल कुण्डी ने निरीक्षण किया। और वहां पर सरस्वती जी की पूजा-अर्चना की, और प्रधान पाठक राम तुमडाम से प्रवेश उस्तव का विवरण प्राप्त किया। शिक्षक राम तुमडाम ने बताया है कि, आज नए सत्र का पहला दिन था। जिसमें बच्चों की उपस्थिति अच्छी रही। और बच्चों के नये प्रवेश हुए।

### झोलाछाप डॉक्टर पर की करवाई

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर से टीम तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार ग्राम भौंरा में झोलाछाप डॉक्टर किशोर कुमार डाली द्वारा संचालित क्लीनिक को मौके पर जांच पड़ताल के उपरान्त अवैद्य पाये जाने पर क्लीनिक को सील कर दिया गया। डॉ. एस.के. रघुवंशी द्वारा यह भी बताया गया कि, दिनांक 17.06.2024 को जिला स्तर से आये जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें जांच दल द्वारा क्लीनिक संचालक से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया लेकिन क्लीनिक संचालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के उपरान्त ब्लॉक स्तर से टीम गठित कर क्लीनिक को को सील कर दिया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की गई साफ-सफाई

**सीहोर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में अनेक जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत बुदनी के आवलीघाट पर नदी की सफाई का कार्य किया गया।

### एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।

## चिचंड़ा ढाबे के बाथरूम में मिली थी जली हुई लाश

# दामाद और बेटी ने की थी पिता की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई पुलिस ने गत दिनों नेशनल हाईवे ग्राम चिचंडा के पास स्थित क्रेजी फूड ढाबे के बाथरूम में मिली अज्ञात जली लाश मिलने का खुलासा कर लिया है। इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि जली हुई लाश की पहचान के साथ जो तथ्य सामने आए हैं वह चौका देने वाले हैं क्योंकि चिचंड़ा ढाबे के बाथरूम में जिस मृतक का शव मिला था उसकी हत्या मृतक की बेटी एवं दामाद द्वारा की गई थी। पुलिस ने पुत्री एवं दामाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 फरवरी 024 को ग्राम चिचंडा सरपंच अंकित कालभोर सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव का कैलाश कालभोर सुबह करीबन 9बजे निर्मल गुजरे का बंद पड़े क्रेजी फूड ढाबा के पास अपने घर के जानवर चरा रहा था जो बाथरूम करने लिये ढाबे के पीछे बने बाथरूम मे गया तो देखा बाथरूम के अंदर एक जली हुई लाश पड़ी थी जो पूरी तरह जली हुई थी देखने में समझ नहीं आ हा था कि मृतक लडका है या लडकी रिपोर्ट पर अपराध धारा का पंजीबध्द कर विवेचना में लेकर मृतक का पीएम भोपाल पैनल से कराया गया।

### पीएम रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभ हुई तलाश

पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात मृतक एवं अज्ञात आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। घटना स्थल के आस- पास के सीसीटीव्ही कैमरे चैक किये गये कैमरे चैक करने पर घटना दिनांक समय अनुसार वाहन क्रमांक टल्35अऋ1359 की उपस्थिति संदिग्ध पाई गयी।जो वाहन, किरन पति पुरषोत्तम कावले निवासी अ-2 अष्टविनायक अपार्टमेंट वार्ड नं. 11 जैन रिसोर्ट कॉलोनी तहसील गोरेगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रजिस्टर्ड होने से वाहन मालिक के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतू टीम को गोंदिया रवाना किया गया टीम द्वारा वाहन मालिक की जानकारी प्राप्त करने हेतू गोरेगांव जिला गोंदिया पहुँचकर आस पास के लोगो से हिकमत अमली से वाहन मालिक के बारे मे पूछताछ करने पर लोगो द्वारा बताया गया कि वाहन स्वामी किरण कावले का पति पुरषोत्तम कावले म्यूजिक टीचर था जिसका हुलिया जानने पर पता लगा की वह बड़े बाल रखता था और बालो मे ब्राउन कलर लगाता था शराब पीने का आदी था, जिन्हे मृतक के फोटो ग्राफ्स, अंगूठी एवं पी.एम रिपोर्ट मे लेख हुलिया बताकर पूछताछ करने पर मृतक का हुलिया किरण कावले के पति पुरषोत्तम कावले जैसा ही होना बताये जो लगभग 4 माह से अपने घर पर नहीं दिखना बताए।

### ▶▶ पहचान छुपाने के लिए जलाया था शव





कार्यालय पुलिस थाना मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

अप.क्र.127/24 धारा 302,201 भादवि.

अज्ञात पुरुष

मृतक का हुलिया निम्नानुसार है:- बाल बड़े लाल रंग की महंदी लगाये हुये प्रतीत होते है। उम्र लगभग 20 25 साल दाहिने हाथ की एक अंगुली मे अंगुठी पहने हुये है।

घटना स्थल:- क्रेजी फूड ढाबा के पीछे का बाथरूम ग्राम चिचण्डा थाना मुलताई

### शराब के नशे में हुआ था बेटी और दामाद से विवाद

घटना के संबंध में मृतक की बेटी मोनिका बाडबुदे तथा दामाद राहुल बाडबुदे से घटना के संबंध में हिकमतअमली से पुछताछ करनें पर बताये कि दिनाँक 13.02.2024 को वे दोनो मम्मी की कार क्रमांक टल्-35-अऋ-1359 से पापा को देखने के लिये काटोल से गोरेगावं गये थे जो कि रात लगभग 10.45 बजे गोरेगांव पंहुचे थे मृतक पुरषोतम कावले अत्यधिक शराब के नशे में थे जिसके साथ बेटी मोनिका एवं दामाद राहुल बाडबुदे का विवाद हुआ जिस पर बेटी मोनिका एवं दामाद राहुल में मारपीट कर जान से खतम कर दिये तथा मृतक के शव को कार की डिक्की में रखकर काटोल लेकर आये तथा दुसरे दिन दिनाँक 14.02.2024 को नागपुर-बैतूल हायवे पर क्रेजीफुड ढाबे के पीछे बनें बाथरूम में मृतक पुरषोत्तम के शव को पेट्रोल डालकर जला दिये थे मृतक तथा आरोपीगणो के मोबाईल नम्बरो की भी जानकारी लेनें पर मृतक के नम्बर पर अन्तिम काल आरोपी राहुल के मोबाईल नम्बर का ही है तथा आरोपीगणो की उपस्थिति भी घटनास्थल पर पाई गई तथा मृतक का मोबाईल फोन भी आरोपिया के कब्जे से जप्त किया गया है। आरोपीगण में मोनिका पति राहुल बाडबुदे उम्र 33 साल निवासी सरोदे लेआउट सावरगाव रोड डोंगरगाव तहसील काटोल जिला नागपुर राहुल बाडबुदे पिता नामदेवराव बाडबुदे उम्र 36 साल निवासी सरोदे लेआउट सावरगाव रोड डोंगरगाव तहसील काटोल जिला नागपुर। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मुलताई निरी. राजेश सातनकर, उनि छत्रपाल धुर्वे आदि की रही महत्वपूर्ण भूमिका।

### दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिला मुख्यालय के समीप सोना घाटी स्थित सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के पास दो बाइक की आपस में अचानक जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल घायलों को जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश चौधरी उम्र 54 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी वेल्डिंग का काम करता था । सोमवार रात 9 से 10 बजे करीब अपना काम खत्म करके वापस घर आ रहा था। इसी दौरान सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के पास सामने से आ रही बाइक, जिस पर आशीष मर्सकोले उम्र 22 वर्ष और अश्विन मर्सकोले उम्र 18 वर्ष सवार थे, तभी उनकी बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तीनों ही घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया। जहां पर राजेश चौधरी की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल शव का जिला अस्पताल में मंगलवार पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है वहीं दो अन्य घायलों को जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है।

## एसआईएफ संस्था ने वृद्धजनों के साथ मनाया फादर्स-डे, पौधारोपण भी किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुरुषों के हित में कार्यरत सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ) संस्था ने फादर्स डे के अवसर पर 16 जून को जामठी स्थित मातोश्री वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ फादर्स डे मनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उन्हें भोजन कराया और केक कटिंग से सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण भी किया गया।

फादर्स डे पर एसआईएफ बैतूल के प्रमुख सदस्य डॉक्टर संदीप गोहे ने बताया कि यह दिन वृद्धजनों के साथ बिताकर उन्हें खुशी देना और उनके अनुभवों से सीखना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य वृद्धजनों को यह एहसास दिलाना है कि वे समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और हमें उनकी जरूरत है। संस्था के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी वृद्धजनों के साथ भोजन का आनंद लिया। इसके बाद फादर्स-डे केक काट गया, जिसमें सभी वृद्धजनों ने भाग लिया और इस खुशी के पल को साझा किया।

### वृद्धाश्रम परिसर में किया पौधारोपण



*पर्यावरण संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए, एसआईएफ बैतूल संस्था ने वृद्धाश्रम परिसर में पौधारोपण भी किया। डॉक्टर संदीप गोहे ने बताया, पौधारोपण से हम पर्यावरण की रक्षा करने के साथ वृद्धजनों के लिए एक स्वस्थ और सुखद वातावरण भी प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में एसआईएफ बैतूल के सदस्य चंद्रप्रकाश झारे, महेश साहू, अरुण राठौर और अजय वारवड़े भी शामिल थे। इन सभी सदस्यों ने मिलकर वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उन्हें यह महसूस कराया कि वे अकेले नहीं हैं। सेव इंडियन फैमिली संस्था का यह आयोजन वृद्धजनों के लिए एक यादगार और खुशी भरा पल साबित हुआ।*



### महीनों से सड़क के किनारे रखा कंटेनर दे रहा हादसों को न्योता

**बैतूल।** यातायात विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब 11 बजे चक्कर रोड पहुंची, यहां सड़क के किनारे महीनो से रखे कंटेनर की वजह से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। जागरूक नागरिक ने संपर्क किया एवं फोटो के माध्यम से समस्या से अवगत कराया। जागरूक नागरिक ने बताया की कंटेनर के साइड में भी एक ऑटो अक्सर खड़ा कर दिया जाता है जिससे आधी सड़क कवर हो जाती है। चक्कर रोड पर अक्सर इसी प्वाइंट के आसपास सड़क हादसे हो रहे यह समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसपी निश्छल झारिया को अवगत कराया और उन्होंने तत्काल एक्शन लेते हुए यातायात प्रभारी गजेंद्र केन को निर्देशित किया।

## शिक्षा और ज्ञान की शक्ति से बनता है भविष्य उज्जवलः वर्षा गडेकर

### पीएम श्री कन्या शाला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव





**मुलताई।** पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव न.पा. अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । उत्सव अवसर पर पार्षद एवं सभापति महेन्द्र जैन एवं पंजाबराव चिकाने भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान का मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को स्कूल भेजना और उसे शिक्षित करना है।

यह अभियान हर छात्र के लिए भविष्य से भेंट के महान विचार पर आधारित है। शिक्षा और ज्ञान की शक्ति से ही बच्चे अपना जीवन उज्जवल बना सकते हैं । ज्ञात हो कि 18 जून से ही पूरे मध्यप्रदेश में स्कूल चले हम अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भोपाल से किया गया है। नपाध्यक्ष एवं सभापति ने छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर शासन की योजना के अंतर्गत छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की गई। कार्यक्रम में पी एम श्री कन्या शाला के प्रभारी प्राचार्य एम एल विश्वकर्मा ,शिक्षक प्रवीण जैन एवं हायर सेकंडरी स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

## 15 अगस्त 2024 तक रहेगा प्रतिबंध

## मत्स्य आखेट दो माह के लिए प्रतिबंधितः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मत्स्य आखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन को प्रतिबंधित कर दिया है। राज्य शासन द्वारा मत्स्य पालन को प्रोत्साहित एवं मत्स्य की अच्छी पैदावार के लिए 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्य प्रजनन काल में सभी प्रकार के मत्स्य व्यापार को प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर जिला बैतूल के इस आदेश के अनुसार छोटे तालाब, या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नालों से नही है और जिसे निर्दिष्ट जलक्षेत्र की परिभाषा के अंतर्गत लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों एवं जलाशयों में प्रतिबंधित अवधि से मत्स्य आखेट पूरी तरह बंद रहेगा।

### 5 हजार का होगा जुर्माना

मध्यप्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 तथा संशोधित मध्य प्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 में प्रबंधन के आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी के विरुद्ध अधिकतम 5 हजार रुपये या एक वर्ष का कारावास से दण्डित किया जाएगा अथवा दोनों दण्डों से एक साथ दंडित किया जा सकता है।

## लायंस क्लब ने जीता इंदौर मल्टीपल में 4 बेस्ट अवार्ड

**बैतूल।** लायंस क्लब बैतूल सिटी ने इस बार अध्यक्ष एमजेएफ ला. संदीप गुप्ता के नेतृत्व में इंदौर में आयोजित तीन राज्यों (मप्र राजस्थान, एवं छग) के 5 डिस्ट्रिक्ट के 800 से ज्यादा क्लबों की मल्टीपल कॉन्फ्रेंस में बेस्ट क्लब का अवार्ड प्राप्त किया। साथ ही एलसीआईएफ कॉन्ट्रीब्यूशन में भी सबसे आगे रहते हुए 9 एमजेएफ बनाकर बेस्ट अवॉर्ड अपने नाम किया।

क्लब की सक्रिय सदस्य एमजेएफ ला.रविंदर कौर बग्गा को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट जीएसटी कार्डिनेटर, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर




ला.पीएस बग्गा को मल्टीपल मीटिंग में एमडी मल्टीपल चेयरपर्सन के रूप में मार्केटिंग विषय पर प्रेजेंटेशन पर बेस्ट प्रेजेंटेशन का अवार्ड प्राप्त हुआ। ये पहली बार है कि लायंस क्लब बैतूल सिटी के गठन के बाद मल्टीपल में एक साथ 4 बेस्ट अवार्ड प्राप्त हुए। बैतूल क्लब की ही रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ ला.शोभा भट्ट को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर एमजेएफ ला.वीके लाडिया, मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन रोशन सेठी एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री अभिनेत्री सारिका थी। ला.संदीप गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय बैतूल के ला.साथियों करे दिया है।

## अधिकारियों ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# 158 प्रकरणों पर एडीएम श्रीवास्तव ने की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव ने जनसुनवाई के दौरान 158 प्रकरणों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एडीएम के साथ संयुक्त कलेक्टर अनिल सोनी, एसडीएम राजीव कहार ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदनों की समीक्षा कर संबंधित को समय सीमा में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बबूल के विशाल वृक्ष चोरी

पांढुरना निवासी विकट सिंह चौहान द्वारा कलेक्टर को संबोधित शिकायत में ग्राम खापा उमरिया स्थित उनकी पैतृक भूमि पर लगे 2 बबूल के वृक्ष चोरी जाने की नामजद शिकायत की। उन्होंने ग्राम खापा उमरिया के ग्राम कोटवार भोलाराम मोरले और आमला के ग्राम खरपड़ा निवासी उज्जैन सिंह पर ग्राम खापा उमरिया में स्वचलित आरी से 50-50 फीट ऊंचे 2 पेड़ काटकर ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पौने दो से दो मीटर व्यास वाले इन बबूल के वृक्षों को 3 से 4 जून की रात्रि काटकर ले जाना बताया गया। एडीएम



राजीव नंदन ने तहसीलदार शाहपुर को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### नक्शा दुरुस्ती के दिए निर्देश

आठनेर तहसील के ग्राम सातनेर निवासी करमचंद बोरबन ने नक्शा दुरुस्त करने की मांग की। आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम सातनेर प.ह.न.-08 के निवासी करमचंद बोरबन खसरा नं.301.2 रकबा 0.567 हे.शैलेन्द्र बोरबन खसरा नं. 301.6 रकबा 0.673 है। जितेन्द्र बोरबन खसरा नं. 301॰5 रकबा 1.00 हे. है। कुल रकबा 2.240 हे. संयुक्त नक्शा प.ह.न.-08 में स्थित है। आपसी बंटवारा अनुसार संयुक्त नक्शा संशोधन पंजी के अनुसार पटवारी द्वारा रिकार्ड में एवं ऑनलाईन नक्शा नहीं काटा है। बार-बार पटवारी को कहने पर भी नक्शा नहीं सुधारा गया। एडीएम ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

### कब्जा दिलाये जाने की मांग

ग्राम लाखापुर निवासी रोशन यादव ने तहसीलदार बैतूल के आदेश के बावजूद भी जमीन का कब्जा नहीं मिलने की शिकायत की। आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम लाखापुर निवासी आवेदक ने बताया कि उनकी जमीन पर मिश्री वल्द तिलक यादव द्वारा कब्जा कर लिया गया है। न्यायालय तहसीलदार बैतूल ने 25 जनवरी 2024 को कब्जा दिलवाए जाने आदेशित किया है। इसके अलावा राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी कमलेश देशमुख, यशवंत बटके, अनिल वर्मा, संदीप पंवार एवं संदीप चौरगढ़े को भी आदेशित किया गया। अनावेदक ने इसके पहले भी तहसीलदार के सामने यह कहा कि गेहूं की फसल काटने के बाद कब्जा छोड़ देगा, किन्तु उसके बाद अनावेदक ने जमीन पर मक्के की फसल बो दी है और ज्यादा जमीन पर फसल बोई है। आवेदक ने पुलिस द्वारा कब्जा दिलाए जाने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की।

## 58 साल पुराना कोलगांव पंचायत भवन कंडम घोषित

बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा 58 साल पुराने कोलगांव स्थित पुराने पंचायत भवन को कंडम घोषित किया गया है। लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के आधार पर क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुकी इस इमारत को गिराया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बैतूल द्वारा पुराने पंचायत भवन को जीर्ण-शीर्ण होने से इसे कंडम घोषित करते हुए अचानक दुर्घटना की आशंका को देखते हुए गिराने की अनुमति चाही गई थी। उक्त भवन लगभग 58 वर्ष पुराना है। जबकि भवन की आयु 40 वर्ष तक थी। अपनी उम्र से लगभग दोगुनी जिंदगी ज्यादा जी चुकी इमारत को गिराए जाने का निर्णय लिया गया है। कंडम इमारतों की नियमावली में भी यह ऐसी इमारत है कि जो अन्य किसी विभाग द्वारा उपयोग में नहीं ली जा सकती है और ना ही अन्य किसी विभाग द्वारा मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि 10 लाख तक के पूंजीगत मूल्य के भवनों को कंडम घोषित करने के लिए कलेक्टर अधिकृत है।

### मुलताई में 40 वर्ष पुराने एफ-4 टाईप क्वार्टर कंडम घोषित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा पुराना सिविल लाईन मुलताई स्थित एफ-4 टाईप आवास के जीर्ण-शीर्ण होने के कारण कंडम घोषित कर दिया गया है। इमारत को कण्डम घोषित करने के लिए कलेक्टर द्वारा प्रमाणित किया जाता है यह इमारत किसी और व्यक्ति या विभाग द्वारा ना तो मांगी गई और ना ही इसका उपयोग जनोपयोगी काम में किया जा सकता है और न ही पुरातात्विक महत्व की परिधि में आती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इमारत को कण्डम घोषित किए जाने का प्रस्ताव दिए जाने के पश्चात कलेक्टर द्वारा कंडम घोषित करने के बाद भवन को गिराए जाने की कार्रवाई तहसीलदार मुलताई के समक्ष की जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन की उपयोगी सामग्री को नीलाम कर राशि शासकीय खजाने में जमा कराई जाएगी।

# एमपीआरडीसी की लापरवाही, बढ़ रही हैं सड़क दुर्घटनाएं, यात्री हो रहे परेशान

## पचमढ़ी मार्ग पर स्पीड ब्रेकरों के निर्माण बने परेशानी का सबब, नागद्वारी मेले में वाहनों के पहिए थमने की बनी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पिपरिया से पचमढ़ी पहुंच मार्ग स्टेट हाईवे 19 एवं स्टेट हाईवे 19 ए पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के बाद एमपीआरडीसी विभाग द्वारा एकाएक कई सारे स्पीड ब्रेकरों का निर्माण किया गया है। स्पीड ब्रेकर निर्माण के बाद पचमढ़ी पहुंच मार्ग पर अचानक से दुर्घटनाओं का दौर शुरू हो गया है।

आयोजित सूचना मिल रही है की दो पहिए वाहन से सफर करने वाले यात्री इन स्पीड ब्रेकरों से गिर रहे हैं। विभाग की कार्यशैली इतनी निम्न स्तर की है की स्पीड ब्रेकर्स बनाने के बाद भी इन पर किसी भी तरह का रेडियम या मार्क नहीं लगाया गया है।

### लापरवाह एमपीआरडीसी

स्पीड ब्रेकर्स के संबंधित मामले को जिला कलेक्टर महोदय सोनिया मीणा तक पहुंचाया गया था जिस पर उन्होंने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया का आश्वासन भी दिया था बावजूद उसके एमपी आरडीसी अधिकारी दिनेश लवंशी से हमने इस संबंध में बात करनी चाहिए लेकिन उन्होंने एक भी कॉल रिसीव नहीं किया है।

स्पीड ब्रेकर एक साथ और बहुत तादाद में बना दिए गए हैं आश्चर्य तो इस बात का है कि इन ब्रेकरों पर कोई भी मार्क या रेडियम नहीं है। विभाग और ठेकेदार इस तरह लापरवाही का कार्य कर रहे हैं की ब्रेकर से पहले चुना तक भी नहीं पोता गया है। इस मामले में वन विभाग एडिशनल डायरेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि वन विभाग द्वारा एमपीआरडीसी को कई ऐसी जगह जहां वाइल्डलाइफ मूवमेंट होता है उन जगहों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए आग्रह किया गया था।

सर्वप्रथम वह लोकेशन है जहां से वन्य जीव क्रॉस होते हैं सती मार्ग पर प्रति 2 किलोमीटर पर एक ब्रेकर बनाने की भी मांग की गई थी। इन स्पीड ब्रेकरों के निर्माण का मूल्य उद्देश्य था कि वाहनों की स्पीड कम हो और वाइल्डलाइफ मूवमेंट के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना सामने ना आये। सूचना मिली है इन ब्रेकरों पर किसी भी तरह का मार्ग या रेडियम नहीं लगाया गया है जो गलत है मैं भी एमपी आरडीसी से संपर्क कर इस पर जल्दी सकारात्मक कार्यवाही के लिए आग्रह करूंगा।



### स्पीड ब्रेकरों पर मार्किंग करेंगे

आपके द्वारा बताई समस्या संज्ञान में ली गई है इस संबंध में कलेक्टर महोदय द्वारा भी हमें आदेशित किया गया है। स्पीड ब्रेकरों का निर्माण पूर्णतः वन विभाग की बताई जगह पर किया गया है। और रही मार्किंग की बात हम जल्द ही एक सप्ताह के भीतर इन स्पीड ब्रेकरों पर मार्किंग करना सुनिश्चित करेंगे।

**दिनेश स्वर्णकार**, एमपीआरडीसी डिविजनल मैनेजर

### निम्न स्तर की दिखी एमपीआरडीसी कार्यशाली

पचमढ़ी पहुंच मार्ग एमपी आरडीसी विभाग के अंतर्गत आता है। आमतौर पर करीबन साल भर ही इस मार्ग पर वीआईपी मूवमेंट बना रहता है। वीआईपी और वीवीआईपी मोमेंट के बाद भी यहां देशभर से पर्यटक पचमढ़ी भ्रमण के लिए आते हैं इसी को देखते हुए पचमढ़ी पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण विभाग द्वारा कराया गया था। चौड़ीकरण कार्य के दौरान भी एमपी आरडीसी विभाग के अधिकारी बहुत कम ही विजिट पर आते थे जिसके कारण सड़क पर कई पॉइंट्स ऐसे बन गए हैं जो अति सकरे हैं।

### नागद्वार मेले में दिखेगा भारी ट्रैफिक

पचमढ़ी मार्ग पर इन स्पीड ब्रेकरों के बन जाने के बाद से मार्ग पर ट्रैफिक जाम देखने को मिल रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा नुकसान पचमढ़ी में होने वाले दो बड़े धार्मिक आयोजनों पर दिखने की संभावना सबसे ज्यादा है। आकलन लगाया जा रहा है। आने वाले नाग पंचमी मेले में ही इसका दुष्प्रभाव दिखेगा स्पीड ब्रेकरों के बन जाने के बाद लगातार ट्रैफिक दिख रहा है और मेले में जब भारी वाहन और हजारों की तादाद में कारें लगातार पचमढ़ी आती हैं तब भारी ट्रैफिक जाम देखने को मिल सकता है।

---

भू माफिया द्वारा आज के दुस्साहस से ग्रामवासियों का भविष्य अंधेरे में

# जिपं सीईओ की अनुमति का उल्लंघन सार्वजनिक जलाशय को रोका

एक ओर जहां भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से खनिजों का उत्खनन किया जा रहा है तो वहीं नालों पर अवैध कब्जा कर वाहनों की आवाजाही जारी है। नागरिकों का कहना है कि इस ओर प्रशासन को जनहित में ध्यान देकर भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर वाहनों को राजसात किया जाना चाहिए ताकि अवैध किए गए कब्जे से राहत मिल सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शासकीय भूमि पर कब्जे करने की होड़ा हिश्की जारी रहने से एक और तो सरकार को ठेंगा दिखाया जा रहा है तो वहीं संबंधित ग्राम से जुड़े ग्राम वासियों का भविष्य गहरे अंधकार में हैं। इसका उदाहरण टेकापार , सारंगपुर , मढ़ई में बने रिसॉर्ट , होटल , होम स्टे में वर्तमान में मिल सकता है जहां पहले भोले भाले लोगो से कुछ रकबे खरीद लिए और अब वही अपनी बेची ज़मीन पर भू माफियाओं के चक्र व्यूह के कारण मजदूरी / नौकरी करने को मजबूर है। हाल ही में गौंडी



मढ़काढाना में एक 80 एकड़ के रकबे में नवलकीशोर चौकसे इत्यादि द्वारा जमीन खरीद कर जैविक खेती और मछली पालन इत्यादि के उद्देश्य से निर्माण कार्य प्रारंभ किया और निर्माण के कुछ दिन बाद ही उक्त जमीन पर विवादो का पुलिंदा सामने आ गया । सार्वजनिक जलाशय को रोककर पहले तो ग्राम वासियों को दो दो बूंद के लिए तरसने को मजबूर किया तो वहीं शासकीय नाले में स्टाप डेम बनाकर जल स्तर को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है। उक्त मामला प्रकाश में आने के बाद राजस्व अमला और सिंचाई विभाग हरकत में आते हुए आनन फानन में कार्यवाही करने की जुगत में लगा हुआ।

### जिला सीईओ द्वारा दी गई अनुमति का हो रहा उल्लंघन

जिला सीईओ द्वारा दी गई स्टाप डेम बनाने की अनुमति के अनुसार आवेदक निजी जमीन पर वाटर लेबल बढ़ाने के लिए स्टाप डेम बना सकते हैं बशर्ते इससे जनहित हो । लेकिन उक्त आदेश का आवेदक द्वारा कोई पालन नहीं किया गया है । आवेदक निजी जमीन पर स्टाप डेम ना बनाकर शासकीय भूमि पर स्टाप डेम बना रहे हैं और ग्रामवासियों को आने जाने से बाधित किया जा रहा है जबकि उक्त जमीन पर सार्वजनिक हैंड पंप और कुआं एक मात्र ग्रामीणों की प्यास का सहारा है जो कि आवेदक द्वारा बंद कर दिया गया है।

### स्थगन आदेश के बाद रोका गया काम

शासकीय भूमि में कब्जे को लेकर मौके पर एसडीएम बृजेंद्र रावत सहित तहसीलदार अलका एक्का पहुंची और उन्होंने उक्त कार्य को तुरंत रोकने की मौखिक वार्निंग दी गई । परंतु कार्य ना रुकने की स्थिति में तहसीलदार अलका एक्का ने पत्र क्रमांक 781 के अनुसार आवेदक अजय सिंह अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग की शिकायत पर खसरा नंबर 15/2 , 17 , 18 , 21 , 22/1 , 22/2 , 23 , 24 , 31 और 34 पर अनावेदक को निर्माण कार्य तत्काल बंद करने के आदेश दिए है।

### हमारे विभाग द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई

कार्य पालन यंत्री एस के पीपरे ने बताया कि उनके द्वारा कोई अनुमति विभाग द्वारा नही ली गई ना ही अवगत कराया गया है। नाले पर पुलिया निर्माण अवैध है। हमारे द्वारा सीमांकन का आवेदन दिया गया है सीमांकन होते ही विधिवत कार्यवाही की जाएगी। कार्यपालन यंत्री पीपरे ने बताया शासकीय भूमि पर यदि गेट नही खोला तो ग्रामवासियों के हित में एफआईआर दर्ज करवाऊंगा।

### एक पक्षीय कार्रवाई हो रही है

उक्त भूमि पर बन रहे निर्माण के सुपर वाइजर रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि एक पक्षीय कार्यवाही हो रही है। अन्य खसरों को हमारे में जोड़ दिया गया है। अन्य किसानों को नोटिस देना था जो कि हमे दिया गया। जिला सीईओ द्वारा स्टाप डेम बनाने की अनुमति है।

---


# पर्यटन स्थल पर लालमुंह के बंदरों का आतंक, पर्यटकों को कर रहे हैं घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी में इन दोनों लाल मुंह के बंदरों का कहर शीर्ष पर है। आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। जिसमें लाल मुंह के बंदर शहरवासी या फिर पचमढ़ी घूमने आए पर्यटकों को काट रहे हैं। कल पुनः धूपगढ़ से खबर आई जहां सनसेट देखने गए पर्यटकों के साथ लाल मुँह के बंदर ने छीना झपटी की। बंदरों ने एक महिला और एक बच्ची को हाथ में काटा ऐसा पर्यटकों ने बताया है। बंदरों द्वारा काटे जाने के बाद पर्यटक स्वास्थ्य सेवा पहुंचे और अपनी नाराजगी सबके सामने ज़ाहिर की।

### धूपगढ़ व महादेव मंदिर क्षेत्र में इन बंदरों का केहर

बंदरों के काटे जाने की घटना सबसे ज्यादा महादेव क्षेत्र मंदिर और धूपगढ़ से आती हैं। लाल मुंह के यह बंदर समूह महादेव मंदिर क्षेत्र और धूपगढ़ में सबसे ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में वन विभाग एडी संजीव शर्मा ने बताया कि वाइल्ड लाइफ प्रोटक्शन एक्ट 2023 को देखें तो लाल मुंह के बंदरों को प्रोटेक्शन एक्ट ने वाइल्ड लाइफ से अलग किया है। मौजूदा स्थिति में लाल मुंह के बंदर वन्य जीव नहीं है यह लाल मुंह के बंदर अब सामान्य जीव जैसे कुत्ता बिल्ली होते हैं वैसे ही हैं। आए दिन हमारे पर्यटन स्थलों पर बंदरों द्वारा काटे जाने की सूचना मिल रही है। हमें कर्मचारी की ड्यूटी लग रहे हैं जो ज्यादा पर्यटक वाले क्षेत्रों में बंदरों को लगातार भगाता रहे। वह विभाग जो इन जीवों को पकड़ने अथवा कहीं और भेजेंगे उनसे भी पत्राचार की कोशिश की जा रही है।





---

### दिन में तेज उमस, शाम को गिरी राहत की बूंदें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहरवासियों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन अभी चार से पांच दिन मानसूनी बारिश का इंतजार और करना पड़ सकता है। हालांकि मंगलवार तेज हवा के साथ इटारसी में शाम करीब 6 बजे गिरी राहत की बूंदो ने मौसम में परिवर्तन ला दिया। इटारसी क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मामूली प्री-मानसून एक्टिविटी बनी हुई है, लेकिन तेज बारिश का दौर अब तक नहीं बन पाया था,शहर में बादल छाने के बाद लौट रहे हैं। मंगलवार को सुबह से हल्के बादल छाने के बाद तेज धूप निकली। जिससे के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों को काफ़ी परेशान किया। शाम को मोटी बूंदो के साथ आई बारिश ने काफ़ी हद तक राहत दी। खबर लिखें जाने तक बारिश जारी थी।

---

# स्कूली बच्चों को तिलक कर सांसद ने मनाया प्रवेशोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सांडिया पचलावरा सेलवाडा मैं मैं सांसद दर्शन चौधरी के द्वारा प्रवेश कराया गया बच्चों को मुक्त पुस्तक किताब एवं स्टेशनरी में भी प्रदान की गई। गर्मी की छुट्टी होने के बाद जो निहालों से छोटे बच्चों को अब स्कूल जाना पड़ेगा इस कड़ी में मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा 18 जून से आरंभ कर दिया गया है।

इस इस अभियान में विधायक ठाकुरदास नागवंशी सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल जनपद अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल दिलीप सिंह पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी एवं तमाम भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए नीलेश पटेल ने बताया कि जनपद सदस्य रणजीत सिंह के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने अनुविभवी अधिकारी संतोष तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, प्रदीप शर्मा एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

---

### कर्मकांड आचार्य परिषद का तीन दिवसीय वर्ग का समापन



**बनखेडी।** कर्मकांड आचार्य परिषद के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय पाण्डित्य कर्म के वर्ग का सोमवार को समापन किया गया। पंडित शिवराम शास्त्री द्वारा गर्भधारण से लेकर मृत्यु तक के सोलह संस्कारों के बारे मे विधि विधान पाठ्यक्रम पूरा कराया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। पं. शिवराम शास्त्री ने कहा पांडित्य कर्म मे किसी प्रकार की त्रुटि न हो और नियमों का पालन कर पंडित अपने कर्मकांड को सुचारू ढंग से करें। पंडित मोहन बाबू शास्त्री ने कहा कि समाज मे कुरीतियों का बोलबाला है। जो शास्त्र संवत नहीं है तो भी प्रथा के नाम पर चल रही है। जो बंद होना चाहिए। अतुल शास्त्री ने कहा कि हम सभी का कल्याण की कामना करते है। इसलिए विधिविधान से कर्मकांड सम्पन्न होना चाहिए। समापन पर यज्ञ पूर्णाहुति के बाद कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर अशोक शास्त्री, मोहन बाबू शास्त्री, समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद मिश्रा,अतुल शास्त्री, राजकुमार शर्मा, आनंद त्रिपाठी सहित बडी संख्या मे लोग थे।

#### अन्य समाज भी आमंत्रित की गई

कर्मकांड आचार्य परिषद के इस आयोजन मे अन्य समाज के समाज प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया था। हिन्दू समाज को शास्त्रानुसार चलाने के लिए अन्य समाज प्रमुखों के साथ समय समय पर सामूहिक बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

---

### कन्या विद्यालय में नए सत्र में मना प्रवेश उत्सव



**सेमरी हरचंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद में शासन निर्देश अनुसार कक्षा नवमी से 12वीं तक अध्यनरत छात्राओ का प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक एवं एक छात्राएं उपस्थित रही सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजन के पश्चात छात्राओ का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छो के साथ स्वागत किया गया। प्राचार्य राम सिंह किरार के द्वारा वार्षिक कार्य योजना विद्यालय प्रवेश शुल्क एवं निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण करने की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में मुख्यय अतिथि के रूप में अतिथि स्मिता तोमर राष्ट्रीय महिला अधिकार आयोग सदस्य विद्यालय परिवार के उमा मेहरा प्रतिभा साहू आरती पठारिया निर्मला कुशवाहा रजनी मालवीय दुविधा शर्मा, राम नरेश सिंह, दीपक दुबे, हेमराज नागा, खेमचंद मेहरा एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हेमराज नागा द्वारा किया गया।

---

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मना प्रवेशोत्सव

# स्कूलों में लौटी रौनक,नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मध्यप्रदेश में मंगलवार से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत आज इटारसी में प्रवेशोत्सव का मुख्य समारोह पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजगंज में आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा, भाजपा महामंत्री राहुल चौरे, पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव, मनोज मिश्रा, बीआरसी आनंद शर्मा, प्रभारी प्राचार्य सतीश खलको सहित अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया।

छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि इस उत्सव को यादगार बनाते हुए हम इस शाला को गोद लेते हैं, अब यहां विकास के लिए क्रांतिकारी कदम उठाये जाएंगे। स्कूल के विकास के लिए, शिक्षा के विकास के लिए आगे बढ़ें, नये भारत का निर्माण करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, प्रदेश का निर्माण करने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा जीवन को नयी दिशा दिखाती है, शिक्षक शिल्पी होते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में खेल की सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। भवन जर्जर हो रहा है, ठीक करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को विशेष अतिथि जसवीर सिंघ छाबड़ा ने भी संबोधित करते हुए आगामी समय में स्कूल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए विधायक डॉ. शर्मा की ओर से प्रबंधन को आश्वस्त किया। स्वागत भाषण प्राचार्य सतीश खलको ने दिया। संचालन परिणिता पटेल ने किया।



#### आभार के साथ रखी मांग

शिक्षिका शिवी सूद ने आभार प्रदर्शन करते हुए मानसूनी सीजन में शाला में होने वाली परेशानियां विधायक डॉ. शर्मा के समक्ष रखीं। उन्होंने कहा कि इस दौरान न सिर्फ मैदान में बल्कि मुख्य रोड से लगे प्रवेश द्वार पर भी पानी भरा होता है और सभी को उसी गंदे पानी में से निकलकर आना होता है, पूर्व प्राचार्य ने इस समस्या के समाधान के लिए एक नाली का निर्माण कराया था, लेकिन स्कूल की बाउंड्री किनारे रहने वाले निवासियों ने कचरा, मलवा स्कूल की बाउंड्री के भीतर डालकर नाले को बंद कर दिया। यहां कचरा डालने से अत्यंत गंदगी, बदबू आती है, नेवला और कबरबिज्जू जैसे जीव भी घूमते रहते हैं, जिससे भय का वातावरण बना रहता है। उन्होंने विधायक से इसका निराकरण करने की मांग की।

#### स्कूल का किया निरीक्षण



शाला की ओर से विधायक को समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र दिया गया। इसके बाद विधायक सहित सभी अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन के साथ शाला का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पालक शिक्षक संघ की अध्यक्ष शिवकुमारी जोठे, वरिष्ठ व्याख्याता शिवी सूद, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक महेश रैकवार, महेश मालवीय, विनय सोनिया, विनोद दुबे, खेल शिक्षक विनीता दुबे, शोभना गौर, लेखापाल हरीश पटेल, श्याम दुबे, श्याम सुंदर दीवान, आदित्य बड़कुर आदि मौजूद रहे।

---

# अजनेरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शोभापुर

मप्र शासन के निर्देशानुसार शासकीय एकीकृत माध्यमिक शालाअजनेरी मे छात्रों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक नितिन परसाई ने बताया कि राज्य शासन के निर्देश अनुसार ग्राम सरपंच और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात उन्हें आमंत्रित किया गया। ग्राम सरपंच ज्योति हिम्मत सिंह और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजाराम कुशवाहा की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को तिलक और पुष्प गुच्छ से स्वागत कर पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं को लगातार विद्यालय आने के लिए शिक्षण स्टाफ और एसएमसी सदस्यों द्वारा प्रेषित किया गया। शिक्षक परिवार से प्रज्ञा दुबे, अनीता चौबे, सीमा विश्वकर्मा, बृजेश आचार्य ,भगवत राजपूत, तेजराम विश्वकर्मा ,सुषमा ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

---

### गोसलपुर में ओएचई लाइन का ब्रेक डाउन



**इटारसी।** जबलपुर के पास गोसलपुर रेलवे स्टेशन पर ओएचई लाइन टूटकर गिरने से जबलपुर और इटारसी के मध्य रेल यातायात प्रभावित हुआ है। घटना के बाद कई ट्रेनों को कटनी, जबलपुर, इटारसी, कीरतपुर रेलवे स्टेशनों पर रोका गया है। बताया जाता है कि ओएचई लाइन पर टीन की चादर गिरने से ओएचई लाइन टूटकर गिरी है। रेलवे का अमला ओएचई में सुधार कार्य में जुटा है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इटारसी में एक पैसेंजर ट्रेन को फिलहाल रोका गया है जबकि 11271 इटारसी-कटनी-बीना भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है। ट्रेन रद्द होने की सूचना के बाद हजारों यात्री परेशान हो गये जो छोटी-छोटी रेलवे स्टेशनों पर जाने वाले थे। इटारसी से सोहागपुर, बनखेड़ी गाडरवारा, नरसिंहपुर और जबलपुर जाने वाले यात्री परेशान थे। प्लेटफार्म पर ट्रेन के निरस्त होने की उद्घोषणा की जा रही थी।

**खबर संक्षेप**



## किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर

**हरदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी उप्र से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं क़िस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ आर के दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों ने देखा। डिप्टी कलेक्टर अशोक डेहरिया ने बताया कि जिले के 57865 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई।

## 20 को स्कूल जाकर बच्चों को पढ़ाएंगे अधिकारीगण

**हरदा।** स्कूल चलें अभियान के तहत 18 से 20 जून तक शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किसी भी एक शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एक पीरियड अध्यापन करा कर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कलेक्टर ने 20 जून को स्कूल जाकर अध्यापन कार्य कराने के लिए अधिकारियों की शालावार ड्यूटी लगाई है। आदेश अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा में एक पीरियड अध्यापन एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे जबकि अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा शा. नवीन हाई स्कूल हरदा में अध्यापन करायेंगे। जारी आदेश अनुसार प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवन्त सिंह पटेल शा. माध्यमिक शाला कुकरावद, प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक अजय कुमार कुम्भारे को शा. कन्या माध्यमिक शाला हंडिया, प्रभारी उपसंचालक कृषि संजय यादव को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सुरेश कुमार त्रिपाठी को शा. माध्यमिक शाला बालागांव तथा प्रभारी प्राचार्य स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदासंगीता बिले को शा. माध्यमिक शाला नकवाड़ा में अध्यापन कार्य कराएंगे।

## मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**सीहोर।** गत दिवस इंदौर में मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन की चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साल 2024 से 2028 तक के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सीहोर के वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी शैलेंद्र पहलवान का नाम भी शामिल किया गया है।

### एमएलबी स्कूल में महापौर और विधायक ने छात्राओं को कराया प्रवेश

# शिक्षा का लक्ष्य अटल है तो सफलता हमें निश्चित प्राप्त होगी : विधायक

### प्रवेशोउत्सव के दौरान छात्राओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत टीका लगाकर पाठ्य सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

स्कूल चलें हम अभियान पूरे प्रदेश भर में मंगलवार से प्रारंभ हुआ। अभियान के माध्यम से यही संदेश दिया जा रहा है कि सभी बच्चे स्कूल जाकर शिक्षा का अध्ययन करें और अच्छी पढ़ाई के माध्यम से अपने परिवार एवं देश का नाम रोशन कर सकें। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन बताया कि 18 जून से स्कूल चलें अभियान की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इसका शुभारंभ भोपाल में किया गया, इस दौरान स्कूलों में प्रवेशोउत्सव मनाया गया।

जिला मुख्यालय खंडवा में एमएलबी स्कूल में प्रवेशोउत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं महापौर अमृता अमर यादव ने उपस्थित होकर बच्चों पर पुष्प वर्षा एवं ट्रॉफी खिलाकर कर अच्छी शिक्षा के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसा धन है जिसे कोई हमसे छीन नहीं सकता। शिक्षा के माध्यम से हम एक लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य पर चलने के लिए संकल्प के साथ अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने कदम को आगे बढ़ाएं निश्चित तौर पर हमें सफलता प्राप्त होगी। यादव ने कहा कि आज हम देखते हैं कि प्रतिदिन हमें यह समाचार मिलते हैं कि कहीं ना कहीं महिलाएं प्रताड़ित हो रही है यदि हम स्वयं शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनेंगे तो कोई हमें प्रताड़ित नहीं कर सकता। सरकार द्वारा महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है हम सब अच्छी शिक्षा के माध्यम से अच्छे पदों पर पहुंच सकते हैं सरकार की ओर से पूरी तरह की शिक्षा निशुल्क के प्रदान की जा रही है जिससे आर्थिक बाधा उत्पन्न ना हो। आज झांसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस हें मैं उनको नमन करती हूं और आशा करती हूं कि आप सभी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कंचन मुकेश तवे ने कहा कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में सही मार्गदर्शन से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। एक लक्ष्य लेकर हम शिक्षा का अध्ययन करें, लक्ष्य अटल है तो निश्चित हमें सफलता प्राप्त होगी। हमारे इस देश में कई महिलाएं सर्वोच्च पदों पर विराजमान है। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू भी महिला है जिन्होंने अच्छी शिक्षा के माध्यम से आदिवासी समुदाय की होते हुए यह मुकाम हासिल किया है। क्षेत्र में आज महिलाएं पुरुषों की भांति बराबरी का दर्जा प्राप्त कर सेवा कार्य कर रही है। स्कूली शिक्षा ही हमारे जीवन यात्रा का प्रथम पड़ाव है। गरीब होते हुए मैंने भी स्कूली शिक्षा प्राप्त कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बनी व क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से जनपद अध्यक्ष जिपं अध्यक्ष के बाद आज विधायक के रूप में महिला प्रतिनिधि का दायित्व का निर्वहन कर रही हूं, स्कूल के इस नवीन वर्ष में आप सभी शिक्षा के माध्यम से सफलता प्राप्त करें यही कामना है।

## लाड़ली बहना योजना से वंचित महिलाएं पहुंची जिला पंचायत

### रोजगार सहायक और सचिव पर लापरवाही के चलते लाभ नहीं मिलने के लगाए आरोप



**हरदा।** खिरकिया ब्लॉक की जामुखों पंचायत में रहने वाली महिलाएं आज भी इस योजना के लाभ से वंचित है। मंगलवार को हरदा जिले के वार्ड- 9 की जिला पंचायत सदस्य तारा सत्यनारायण सुचार के साथ गांव की दर्जनों महिलाएं जिला पंचायत पहुचीं।

जयस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सुचार ने बताया कि ग्राम पंचायत जमुखों के रोजगार सहायक व सचिव की लापरवाही के चलते गांव की सैकड़ों पात्र महिलाओं को शासन की लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जो बीते एक साल से योजना के अंतर्गत लगने वाले दस्तावेज लेकर भटक रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत के कर्मचारियों ने गांव की महिलाओं के फॉर्म भी जमा नहीं कराए गए है। जिसके चलते गांव की अशिक्षित महिलाओं को योजना के शुरू होने के बाद से लेकर अब तक लाभ नहीं मिल पाया है। गांव की पार्वती बाई ने कहा कि जब हमने सारे दस्तावेज रोजगार सहायक व सचिव को दिए गए तो उन्होंने इस योजना की तारीख खत्म होने की बात बताई। उनका कहा है कि गांव में रहने वाली करीब 10 प्रतिशत महिलाओं को ही इस योजनाका लाभ मिल रहा है। शेष 90 प्रतिशत पात्र महिलाएं लाड़ली बहना योजना के लाभ से वंचित है। ग्रामीण महिलाओं ने इस मामले में कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले को लेकर परियोजना अधिकारी अंशु तिवारी ने कहा कि उन्हें महिलाओं की शिकायत मिली है। वह संबंधित कर्मचारी से बात कर देखती हूं कि किस कारण से इन महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। गांव की महिलाओं ने कलेक्टर से पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।

## विद्यार्थियों को वितरित की गईं पाठ्य पुस्तकें

**हरदा।** स्कूल चलें हम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में किया गया।

कार्यक्रम में विधायक हरदा डॉ. आर दोगने, अध्यक्ष जिला पंचायत हरदा गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हरदा दर्शन सिंह गहलोद, डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार डेहरिया, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी हरदा बलवंत पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी व विद्यार्थिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से की गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रवेश उत्सव में उपस्थित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें नवीन सत्र के लिए पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. दोगने ने विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरु का सम्मान करने और स्कूल नियमित रूप से आने के लिये सीख दी, उन्होने विद्यार्थी जीवन में समय प्रबंधन के महत्व एवं बेहतर भविष्य हेतु लक्ष्य संधान के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने शिक्षा के महत्व प्रकाश डाला एवं शिक्षा को मनुष्य के जीवन की आवश्यकता के बारे में बताया। उपाध्यक्ष जिला पंचायत गहलोत ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के बारे में बताया। डिप्टी कलेक्टर हरदा डेहरिया ने बच्चों को सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी के बारे में बताया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक बलवंत पटेल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के साथ-साथ परीक्षाओं की तैयारी संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रेरक पंक्तियों के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य तोमर ने किया।



**शिविर में 122 बंदियों की स्क्रीनिंग की**

## जिला जेल परिसर में वायरल हेपिटाइटिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिला जेल परिसर खंडवा में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वायरल हेपिटाइटिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वायरल हेपिटाइटिस नोडल अधिकारी डॉ. नितिन कपूर ने सभी बंदियों को वायरल हेपिटाइटिस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


शिविर में 122 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 103 पुरुष और 19 महिला कैदी शामिल थे। विभिन्न जांचों के बाद, एक कैदी को हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव पाया गया। डॉ. कपूर ने बताया कि शिविर में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का आयोजन जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी और जेलर ललित दीक्षित के अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान लेप्रोसी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी, काउंसलर जितेंद्र प्रजापति, हरिकेश लाड, कन्हैयालाल भालेराव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जेल में बंदियों की स्वास्थ्य जांच कर, उन्हें वायरल हेपिटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव और उपचार की जानकारी देना था। डॉ. कपूर ने बंदियों को बीमारी के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान, विशेष रूप से हेपेटाइटिस बी और सी के बारे में जानकारी दी गई, और संबंधित परीक्षण किए गए। बंदियों ने इस पहल की सराहना की और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के शिविरों से बंदियों के स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं भी दी जा रही है। इस प्रयास से जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर एक सराहनीय पहल की है, जिससे भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।



## जिला कांग्रेस ने अन्य दल में शामिल सदस्यों को 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद कांग्रेस पार्टी ने एक्शन मोड में आते हुए पार्टी से बगावत करने वाले सदस्यों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस ने उन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निष्कासित करना शुरू किया है जिन्होंने दूसरे दलों की सदस्यता ग्रहण की थी।



जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि हाल ही में कांग्रेसजनों ने अन्य पार्टी की सदस्यता ली है। इनमें गुरमीत सिंह उबेजा, अणिमा उबेजा, महेन्द्र सावनेर इन्दल सिंह पवार, रिंकु योगेन्द्र सोनकर पूर्व पार्षद,ओम सिलावट, कन्हैया वर्मा, हृदेश वाजपेयी, राजेन्द्र चाँदमल जैन शामिल हैं। इन सभी से जिला कांग्रेस कमेटी खंडवा (ग्रामीण) द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। समयावधि में स्पष्टीकरण न देने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा ने कार्रवाई करते हुए उपरोक्त सभी सदस्यों को कांग्रेस की सदस्यता और उन्हें दिए गए सभी पदों से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ओझा ने कहा कि पार्टी से बगावत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के अनुसार उचित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भाकिसं रहटगांव की बैठक आयोजित



**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव की मासिक तहसील बैठक मंडी प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश गौर द्वारा की गई। बैठक में वर्तमान में मूंग खरीदी को लेकर एवं अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद सभी किसान तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की कि मूंग खरीदी जल्द से जल्द चालू की जाए। बड़े प्लेट काटे से तुलाई की जाए और इस बार मूंग खरीदी की योजना बैठक में अधिकारियों के साथ भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल किया जाए। इस दौरान मौजूद किसान दीपक पटेल, विष्णु प्रसाद गौर, सियाराम गौर, दिनेश गौर, भंवर सिंह, आशीष गोविंद, हेमंत, महेश, अनिल, शिवनारायण गौर, नंदलाल पटेल सहित अन्य किसान मौजूद थे।

**बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया**

## शाला प्रवेश उत्सव मनाया बच्चों को कराया विशेष भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

शासकीय कन्या हाईसकूल रहटगांव में शाला प्रवेश उत्सव पीटीए अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें छात्राओं को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश कराया गया। इस दौरान विशेष भोजन का आयोजन हुआ।

संकुल प्रभारी सिद्धार्थ जोशी द्वारा छात्राओं को निर्देश दिए गए की अब शाला प्रतिदिन आना तथा इस वर्ष और अच्छी मेहनत कर अच्छे नंबर लाना है। कार्यक्रम में संतोष सिधना, सिद्धार्थ जोशी तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसी प्रकार ग्राम धनपाड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला भवन धनपाडा, सिंधखेडा, खमगांव, गागंडाढाना, में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। शाला के बच्चो को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। शिक्षक, जमुनादास पाटिल, मुकेश राजगीर, अनीता कुशवाहा, प्रतापचंद धोसियां द्वारा शिक्षा मंत्री का संदेश का वाचन किया गया। बच्चों को निशुल्क पुस्तको का वितरण किया गया। इस आयोजन में कैलाश बिलारे सचिव ग्राम पंचायत आमसागर के द्वारा शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षक मनोज पारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुरेखा कहार, आरती धुर्वे, पदमा इरपाचे, मिश्रीलाल जयनारायण आदि मौजूद रहे।



### रंगरोगन से सौंदर्यीकरण की कवायद, सात नलों को पुनः शुरू करने की जरूरत

# झरने के सामने छोड़ दी गंदगी, अब 'स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें' स्लोगन से दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

कस्बे के नामकरण का साक्षी एवं धार्मिक आस्थाएं समेटे हुए ऐतिहासिक झरने (भपके) में पूरे कस्बे की गंदगी एवं दुर्गन्ध भर दी गई। अब छात्र-छात्रा के चित्र और स्लोगन 'स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें' जैसे संदेश देकर कस्बेवासियों का मुंह चिढ़ा रहे हैं। जबकि विकास के नाम पर उसके प्रारंभिक स्वरूप को विकृत करने से भावनाएं आहत हो रही हैं और संबंधित अमला खुशफहमी का शिकार है। वहीं अब झरने के रंग रोगन से उसके सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू हो गई है।



### अधिकारी के जाते ही मुंह फेरा

जिला पंचायत के पूर्व सीईओ दिव्यांकसिंह ने गंदगी से सरोबार रुपारेल नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र को विकसित करने और झरने का कायाकल्प कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए थे। यहां वे जनवरी 2022 को स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान जिले के सभी विभाग प्रमुखों को एक प्रोजेक्ट तैयार कर, विभिन्न मदों से धन जुटाने के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यता बताई थी। लेकिन उनके स्थानांतरित होने पर ग्राम पंचायत और शासकीय अमले ने उनके निर्देशों से मुंह फेर लिया।

### सचिव ने कहा खूब हो रही है प्रसंशा

*ग्राम पंचायत सचिव सुनील नायक ने कहा कि अभी तो काम शुरू हुआ है और सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है। जब पूरा काम हो जाएगा तो फिर क्या होगा? उन्होंने कहा कि मैं अभी तो करीब तीन लाख रुपए के कार्य करा रहा हूं और इसके बाद ग्रामीणों से भी सलाह मशविरा लेकर कार्य कराऊंगा। वहीं सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी झरने के रंग रोगन के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। उपयंत्री दिनेश कुशवाह के अनुसार झरने के अंदर की साफ सफाई कर उसकी ऊंचाई बढ़ाई जा रही है, जबकि ड्रेनेज की गंदगी उपयुक्त स्थान पर छोड़ी जाएगी। इस संबंध में सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि झरने के सामने निर्मित संरचना के पानी को अंडरग्राउंड पाइप से पुल के दूसरी ओर रूपारेल नदी में डाला जाएगा। कमोबेश यही बात पंचायत सचिव सुनील नायक ने भी कही है। जबकि उपयंत्री कुशवाह ने कहा कि ड्रेनेज के पानी को संरचना से विच्छेदित कर दिया जाएगा। इसके बाद हनुमान मंदिर के सामने से डायवर्ट किया जाएगा। जिसे पुलिया के दूसरी ओर निचले भाग की रूपा रेल नदी में छोड़ा जावेगा। सीईओ श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि इस समस्या का उपयुक्त निराकरण कैसे होगा ? इस संबंध में उपयंत्री को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।*

### कार्य प्रणाली में नहीं हो रहा सुधार

सीईओ के निर्देश के बाद उक्त स्थलों पर कार्य योजनानुसार विकास और सौंदर्य की उम्मीदें बनी थी, लेकिन ठीक इसके विपरीत वहां गंदगी संग्रहित करने के लिए संरचना का निर्माण कर दिया गया। भारत स्वच्छता मिशन में किए गए इस अदूरदर्शितापूर्ण कार्य एवं पीड़ादायक त्रासदी से नागरिक उबर नहीं पा रहे हैं। लेकिन ग्राम पंचायत की कथित विवादास्पद कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। जबकि हरिभूमि में निरंतर खबरें प्रकाशित होने पर कस्बे में ड्रेनेज का निर्माण हो रहा है। परंतु इनकी गंदगी कहां छोड़ी जाएगी इसे लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। वहीं इस जीर्णोद्धार में ऐसे उपाय किए जाना चाहिए, जिससे कि प्राचीन झरने के अधिकांश नल पुनः शुरू हो सकें। इसलिए शासकीय राशि का अव्यय अथवा दुरुपयोग से जनमानस में सवाल उठना स्वाभाविक है।

## 'रक्तदाता का रक्त आवश्यकता पड़ने पर जब मरीज को मिलता होता है तो वह रक्त मरीज के लिए अमृततुल्य समान'



**बुरहानपुर।** मानव सेवी अंतराष्ट्रीय संस्था जायंट्स ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री स्व नाना चुडासमा के जन्मदिवस को रक्तदान दिवस के रूप में 17 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसी परिपेक्ष में जायंट्स ग्रुप ऑफ़ बुरहानपुर व जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा 17 जून को जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर स्वास्थ्य विभाग के तहत डॉ फुन्कवाल व जायंट्स फेडरेशन यूनिट 2 डायरेक्टर महेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य, जायंट्स अध्यक्ष शोभा चौधरी, जनजाग्रति अध्यक्ष सुनील सलूजा की अध्यक्षता, ब्लड बैंक प्रमुख सिस्टर रेखा ओनकर, सहायक प्रीति मरावी, डॉ विशाल जाधव व उपस्थित जायंट्स व जनजाग्रति के सदस्य डॉ अशोक गुप्ता, महावीर प्रसाद बांदिल, डॉ किरण सिंह, डॉ कल्पना पाटीदार, डॉ अतुल पाटीदार, डॉ रमेश शर्मा धुंआधार, तुषार चौधरी, पियूष मावले, देवेन्द्र शाह, सागर दलाल, नितिन निभोरे, कुणाल वाघ, बालचंद जी की उपस्थिति में रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए डॉ फुन्कवाल ने कहा जब सामाजिक संस्थाओं के सदस्यगण रक्तदान जैसे शिविरों को आयोजित कर रक्त का दान करते हैं निश्चित रूप से वह आज के इस युग में किसी को जीवन दान देने का कार्य कर रहे हैं और हर धर्म यही कहता है सेवा ही जीवन का धर्म और कर्म होना चाहिए। मुझे बड़ी ख़ुशी है की रक्तदान शिविर में 9 यूनिट रक्तदान प्राप्त हुआ है। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए महेंद्र जैन ने कहा जब रक्तदाता अपना रक्तदान करता है तो रक्तदाता का रक्त आवश्यकता पड़ने पर जब मरीज को प्राप्त होता है तो वह रक्त मरीज के लिए अमृततुल्य समान होता है। रक्त बाजार में या किसी फेक्ट्री में बनाया नहीं जा सकता यह तो ईश्वर की वह देन है कि रक्त की आवश्यकता पड़ने पर इन्सान ही इन्सान की जिन्दगी को बचाने का कार्य करता है।